हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के सप्त सिंधु परिसर देहरा के इतिहास विभाग की ओर से 'विश्व कविता दिवस' के अवसर पर उन्नत भारत अभियान और राष्ट्रीय कवि संगम के सयुंक्त तत्वाधान में 'भारतीय इतिहास परम्परा में कविता का महत्व' विषय पर संगोष्ठी और कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यतिथि अधिष्ठाता (अकादमिक) प्रो. प्रदीप कुमार, प्रो. नारायण सिंह राव, निदेशक के.वि.वि, देहरा परिसर, अधिष्ठाता (सामाजिक विज्ञान स्कूल) प्रो. संजीत सिंह, विभागाध्यक्ष समाज कार्य विभाग तथा नोडल अधिकारी - उन्नत भारत अभियान डॉ. शशि पूनम मौजूद रहे।